भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–निगरानी एवं मूल्यांकन (एनसीडी) (1 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार परउपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

1. राज्य के अधिकारियों, तकनीकी भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ संपर्क बनाए रखना।
2. विसंगतियों की जांच के लिए डेटा का परीक्षण करना और डेटा की त्रुटियों को दूर करने के लिए राज्यों से संपर्क बनाए रखना।
3. आवश्यकतानुसार रिपोर्टों/डैश बोर्डों/स्कोर कार्डों के सूचक/टेम्पलेट विकसित करना।
4. विभिन्न हितधारकों को उपलब्ध कराने के लिए सांख्यिकीय साधनों का उपयोग करते हुएडेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्टें संकलित करना।
5. कमियों का पता लगाना और मौजूदा एप्लीकेशन में अभिनव प्रयास के सुझाव देना।
6. डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों, रिपोर्टों और डेटा की उपयोगिता के विभिन्न पहलुओं पर राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण देना।
7. परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेगा और उसका कार्यस्थल नई दिल्ली होगा। उसे देश के भीतर कहीं भी यात्रा करने की आवश्यकता पड़ सकती है।
8. समय–समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- महामारी विज्ञान/जनसांख्यिकी/ जैव–सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि (एमपीएच)।
- निगरानी, मूल्यांकन एवं डेटा विश्लेषण मेंन्यूनतम 2 वर्षों का सुसंगत अनुभव।
- स्वास्थ्य क्षेत्र/ जन स्वास्थ्य कार्यक्रम, मुख्यतः असंचारीरोग के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव (वांछनीय)

आयु सीमाः 45 वर्ष तक। सेवानिवृत्त सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी 62 वर्ष की आयु तक आवेदन करने के पात्र हैं।
पारिश्रमिकः 60,000–80,000/– रु. प्रतिमाह (समेकित)।
रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।
नोटः

(i) आवेदनकर्ता को डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट के उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदनकर्ता को निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए बड़े पैमाने पर दौरे करने में सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
(iv) कार्यकालः 31 मार्च, 2017 तक।
(v) पारिश्रमिक, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में नियत किया जाएगा।

नोटः कार्यकाल, वरीयता और परस्पर सहमत नियम एवं शर्तों के अनुसार नियमानुसार एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ncd.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**